## नवरात्रा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं





जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.in FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय' स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी
मो: 9352734588

वर्ष- 57 | अंक-37 | जयपुर, सोमवार, 4 अक्टूबर, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4





# गांधी जयन्ती पर प्रशासन गांवों के संग एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान की शुरूआत

- अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को राहत देने की भावना के साथ चलें अभियानः मुख्यमंत्री
- गांधी जी को दिल से अपनाने वाले उनकी शिक्षाओं और संदेशों को भी आत्मसात करें

जयपुर (हमारा वतन) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि हमारे किसी भी निर्णय का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिलना चाहिए। इसी भावना के साथ आज गांधी जी की जयन्ती के शुभ अवसर पर 'प्रशासन गांवों के संग' एवं 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान की शुरूआत हुई है। इन अभियानों में लगने वाले शिविरों के माध्यम से अधिकारी प्रदेश के गरीब एवं वंचित वर्गों को राहत प्रदान करें। गहलोत मुख्यमंत्री निवास से गांधी जयन्ती के अवसर पर दोनों अभियानों के राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पांच लाभान्वितों को पट्टे वितरित कर दोनों अभियानों का राज्य स्तर पर आगाज किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने गरीबों को उनके आवासों के पट्टे देकर उन्हें राहत देने का निर्णय किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आमजन के सहयोग से ये अभियान सफल होंगे। गहलोत ने गांधी दर्शन




म्यूजियम का शिलान्यास एवं महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोशल साइंसेज का लोकार्पण भी किया। गांधी दर्शन म्यूजियम सेंट्रल पार्क में बनेगा, जबकि कनक भवन में 1.07 करोड़ की लागत से बने महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ गवर्नेंस एण्ड सोशल साइंसेज में गांधीजी से जुड़े शोध कार्य होंगे। महात्मा गांधीजी की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए प्रशासन एवं सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाने के लिए युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से मुम्बई के टाटा इन्स्टीट्यूट ऑफ सोशल साइन्सेज तथा पुणे स्थित इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड स्कूल ऑफ गवर्नेंस जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की तर्ज पर इस इन्स्टीट्यूट की स्थापना की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन कल्याणकारी कार्यों के प्रति समर्पित है। युवाओं, बेरोजगारों, किसानों तथा पिछड़े एवं वंचित वर्गों के लिए पिछले 3 बजट में हमारी सरकार ने कई योजनाओं एवं कार्यक्रमों की घोषणा की है।

अगले वर्ष से किसानों के लिए पृथक से बजट पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के 31 माह में से करीब 18 महिने कोरोना की चुनौती से निपटने में निकले। हमारी बजट घोषणाओं की पक्ष ही नहीं विपक्ष ने भी जमकर तरीफ की। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी को दिल से अपनाने वाले उनकी शिक्षाओं और संदेशों को भी आत्मसात करें। गांधी जी के बताए रास्ते पर चलें तो समाज में व्याप्त कई समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि गांधी जयन्ती को पूरा विश्व अंहिसा दिवस के रूप में मनाता है यह हम सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय लॉन्चिंग के बाद श्रीमती कौशल्या देवी एवं श्रीमती पुष्पा देवी को जेडीए का आवासीय पट्टा, श्रीमती जेसी प्रसाद को आवासन मण्डल का, श्रीमती जड़ाव देवी को नगर-निगम ग्रेटर तथा श्रीमती नेहा को नगर-निगम हैरिटेज का पट्टा वितरित किया। अभियान के लोगो डिजाइन के लिए श्वेता सालूंखे एवं उपासना पाण्डे, टैगलाइन के लिए ऋतिक सिंह राठौड़, एक्रोनिंग के लिए मनीष महात्मा एवं लोगो के वृत्ताकार डिजाइन के लिए पूनम शर्मा को प्रमाण-पत्र एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

**चौमूं नगरपालिका में भी 11 पट्टों का हुआ वितरण**

चौमूं नगरपालिका में भी चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी,पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी और ईओ वर्षा चौधरी द्वारा शहर वासियों को 11 पट्टे वितरित किए । साथ ही कोरोना काल में सेवा करने वाले कार्मिकों को भी सम्मानित कर हौसला अफजाई की ।

## विराज फाउंडेशन का निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर हुआ संपन्न

चौमूं (हमारा वतन) विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष पर राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय कालाडेरा में निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का विद्वानों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालाडेरा थाना प्रभारी हरबेद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कर्नल बजरंग सिंह, कालाडेरा सरपंच अशोक कुमार शर्मा, अतिथि सांवरमल शास्त्री एवं संस्था के प्रधानाचार्य हेमंत चतुर्वेदी रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने की ।

शिविर में चिकित्सक डॉ आर एन यादव, डॉ एम एल जांगिड़, डॉ भरत राज शर्मा, डॉ विजय यादव, डॉ सुधांशु पांडे, डॉ अजय शर्मा,



डॉ ओम प्रकाश शर्मा, डॉ राम प्रकाश शर्मा, डॉ पवन तिवाडी, डॉ आर के सैनी, सीएम सैनी ने अपनी सेवाएं प्रदान की तथा विभिन्न प्रकार के रोगियों की जांच कर परामर्श व निःशुल्क दवाइयां वितरित कर 205 रोगियों का इलाज किया । अंत में सभी चिकित्सकों का एव शिविर में पधारे हुए अतिथियों का सम्मान स्वरूप माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र भेंट किया ।

इसमें कर्नल बजरंग सिंह ने पांच विभूतियों को प्रशासनिक, शिक्षा एंव सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम के पश्चात प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारियों ने संस्था प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

इसमें प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री, चंद्रप्रकाश शर्मा,संतोष चतुर्वेदी, पंडित छोटे लाल शर्मा , पंडित विष्णु चतुर्वेदी, कैलाश, शंकर शर्मा, सीताराम सैनी, माधव जांगिड़, सुमन झालानी, रामअवतार गौतम आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## आईएएस पल्लवी का विधायक और सरपंच ने किया सम्मान

चौमूं (हमारा वतन) जयपुर जिले के चौमूँ इलाके के ग्राम महार कला की मूल निवासी चंद्र प्रकाश वर्मा व मंजू कुमावत हाल निवासी इंदौर की बेटी पल्लवी वर्मा ने आईएएस परीक्षा पास कर क्षेत्र और अपने परिवार का नाम रोशन किया है।


**शेष पृष्ठ 4 पर.....**




## गणगौरी चौक की सफाई हेतु समाजसेवियों ने चेयरमैन सैनी को दिया ज्ञापन

चौमूं (हमारा वतन) शहर के मोरीजा रोड स्थित गणगौरी चौक की सफाई हेतु नगरपालिका



चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी को समाजसेवियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में बताया कि उसके पास जो कचरा निस्तारण की मशीन लगी हुई है ,वहां पर बहुत ज्यादा गंदगी हो रही है । जिससे मोहल्लेवासी और दुकानदार बहुत परेशान हो रहे है । इस मामले में पहले भी नगर पालिका प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं । कचरे और गंदगी के कारण मौसमी बीमारियाँ होने का डर हमेशा लगा रहता है । इस स्थान पर बड़ा कचरा पात्र रखवाने और साफ़ - सफाई समय- समय पर करवाने की व्यवस्था की मांग की । समाजसेवी पवन सैनी,राजेंद्र कुमार सैनी, कैलाश सैनी, उस्मान, सुनील, संतोष सैनी, फारुख खान, जमालुद्दीन आदि लोग मौजूद रहे ।

## रुक्षमणी कुमारी को मिली उत्तराखंड की बड़ी जिम्मेदारी

जयपुर (हमारा वतन) ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन शशि थरूर एवं डिप्टी चेयरमैन सलमान अनीस ए सोज ने आगामी उत्तराखंड चुनाव के लिए एआईपीसी की स्पेशल टास्क फोर्स टीम का गठन किया है। जिसमें ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रूक्षमणि कुमारी को पॉलिटिकल एक्शन कैनवसिग डेलीगेट नियुक्त किया है।



ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि रूक्षक्षमणि कुमारी को आगामी उत्तराखंड चुनाव में पॉलीटिकल एक्शन कैनवनसिंग डेलीगेट नियुक्त करने पर एआईपीसी के राष्ट्रीय चेयरमैन शशि थरूर एवं डिप्टी चेयरमैन सलमान अनीस ए सोज का आभार व्यक्त करते हुए रुक्षमणी कुमारी की नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है।

## निम्स विश्वविद्याल में पत्रकारिता और मास मीडिया को लेकर सीबीएसई समिति की बैठक का आयोजन


जयपुर (हमारा वतन) निम्स विश्वविद्याल में सीबीएसई समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा 6 से 10 वीं तक के पाठ्यक्रम में पत्रकारिता और मास मीडिया को शामिल करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि संदिप सेठी एकेडमिक डायरेक्टर द पैलेस स्कूल, प्राचार्या श्रीमति उर्वशी वर्मन, निम्स विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पंकज सिंह , निम्स विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार तथा



निम्स विश्वविद्यालय के मास कम्युनिकेशन के छात्र उपस्थित थे। बैठक में निम्स विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पंकज सिंह एवं रजिस्ट्रार ने निम्स का इतिहास बताते हुए कहा कि किस तरह से एक साधारण से दिखने वाले अस्पताल के मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल बनने तक और साथ ही एक दो विभाग से निम्स विश्वविद्यालय तक पहुंचने का सफर कैसे पूरा हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य माइकल थॉमस ने बताया कि माध्यमिक कक्षाओं में मास कम्युनिकेशन पाठ्यक्रमों को सम्मिलित करने के बाद कक्षा 6 से 8 वीं तक अधिकतम 16 घंटे का अध्याय होगा, वहीं 9 वीं से 10 वीं तक की कक्षाओं में यह अधिकतम 60 घंटों का हो सकता है। बैठक में डॉ. सारिका ने निम्म विश्वविद्यालय में चलने वाले मास कम्युनिकेशन तथा जर्नलिज्म पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से समझाया।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

"जब कभी आप दुविधा में हों या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्ख़ा आज़मा कर देखिएगा। अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हों और अपने आप से पूछिए कि क्या आपकी करनी उसके किसी काम आएगी? क्या उसे कुछ लाभ होगा? क्या उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधाएं दूर हो जाएंगी।"

–महात्मा गांधी

प्रदेश के जन–जन के हित में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर
**2 अक्टूबर, 2021 से शुभारम्भ**

**प्रशासन शहरों के संग अभियान**

2 अक्टूबर, 2021 से 31 मार्च, 2022

अभियान की विशेषताएं
- 10 लाख पट्टा वितरण का लक्ष्य
- राहत के लिए विभिन्न नियमों एवं प्रावधानों का सरलीकरण
- आवेदन की तकनीकी सहायता हेतु स्वैच्छिक नगर मित्र की सुविधा
- कार्यों के शीघ्र निस्तारण के लिए निकाय स्तर पर एम्पावर्ड कमेटी का गठन कर शक्तियों का प्रत्यायोजन
- नागरिकों की सहायता हेतु हैल्पडेस्क नम्बर 18001806127
- 213 नगरीय निकाय, 3 विकास प्राधिकरण, 14 नगर सुधार न्यास, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, बीडा सहित 8 विभाग होंगे शामिल

**प्रशासन गांवों के संग अभियान**

2 अक्टूबर, 2021 से 17 दिसम्बर, 2021

अभियान की विशेषताएं
- प्रत्येक ग्राम पंचायत पर शिविरों का आयोजन
- कार्यों की सुगमता के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को शक्तियों का प्रत्यायोजन
- अभियान की प्रत्येक स्तर पर सतत् मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण
- शिविरों में ई–मित्र केन्द्रों पर सभी सुविधाएं **निःशुल्क**

"राज्य सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है '**प्रशासन गांवों और शहरों के संग अभियान–2021**' जिसके माध्यम से आमजन से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस अभियान के लिए जटिलताओं को दूर करते हुए विभिन्न नियमों का सरलीकरण किया गया है। जिससे वर्षों से लंबित कार्यों के पूर्ण होने में सुगमता होगी। इस अभियान के लिए मेरी शुभकामनाएं।"



**अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री**

राजस्थान संवाद

अभियान अवधि के दौरान राज्य सरकार द्वारा दी जा रही शिथिलताओं का लाभ उठायें

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

# 31 महिलाओं को मिला वीमेन एक्सीलेंस अवार्ड

## - डॉ. सुनीता छाबड़ा दे रही महिलाओं को पंख
## - अपने फील्ड में श्रेष्ठ देने वाली महिलाओं का किया सम्मान
## - सम्मान देने से महिलाओं में होता है ऊर्जा का संचार



जयपुर (हमारा वतन) सोनू हेल्पिंग हैंड ट्रस्ट और लविश्का चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्तन तत्वा वधान में वीमेन एक्सीलेंस अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ की गई। कृष्णा महावर और याशिका सैनी ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

**अवार्ड शो के ये रहे अतिथि –**

अवार्ड सेरेमनी की मुख्य अतिथि डीसीपी मेट्रो रिचा तोमर, डीसीपी ट्रैफिक श्वेता धनकड़ रहीं। विशेष अतिथि ईएचसीसी अस्पिताल के कंसल्टेंट और मेडिकल आईसीयू के इंचार्ज डॉ. अनिल कुमार शर्मा रहे।

**आयोजकों ने ये कहा**

- सोनू हेल्पिंग हैंड ट्रस्टस की अध्यक्ष डॉ. सुनीता (सोनू)छाबड़ा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी 31 महिलाओं को वीमेन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया । महिलाओं का सम्मान कर गर्व की अनुभूति होती है ।

- लविश्का चैरिटेबल ट्रस्टि की लविश्का सैनी ने बताया कि अवार्ड्स के लिए देशभर से 500 से अधिक नॉमिनेशन मिले थे। इनमें से बेस्ट 31 प्रोफाइल्स को



जूरी मेंबर्स ने सलेक्ट किया।

**इन 31 हस्तियों का हुआ सम्मान**

उषाश्री, चित्रा शर्मा, विनिता शेखावत, हुजेफा वाहिद, ममता भार्गव, ममता सैनी, बबिता सिंह, संगीता विश्नोई, रिया देगड़ा, डॉ. अमिता राज गोयल, डॉ. प्रियंका जैन, डॉ. अवनीत कौर भाटिया, डॉ. आभा सिंह, डॉ. बुदेश कंवर, डॉ. कृष्णा महावर, डॉ. लीना भाटिया, डॉ. बिंदू जैन, कॉन्सटेबल प्रकाश कुमारी, आरती बोहरा, रिशिता भार्गव, डॉ. कृष्णा महावर, वीना चौहान, तमन्ना भाटी, मंजू राठौर, कृष्णा राठौड़, नेतल भाटी, मोरू सपेरा, इशरत, शिवाली गुप्ता, डॉ. नीलोफर, प्रियल अग्रवाल, अर्चना झा, सुमित्रा पाल, पूजा माथुर, डॉ. खुर्शिद बानो टाक, कनिज हैदर रिजवी, मेहरुनिसा खान, संतोष डूडी। अवार्ड शो में गोविंद सैनी, फोटोग्राफर नरेश शर्मा, नवरतन सैनी, फोटोग्राफर जितेंद्र वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. देवेंद्र कुमार, रीजन हॉस्पिटल के एमडी डॉ. रिषभ सेठी, समाजसेवी चरणजीत सिंह मक्कतड़, सुरेश चंद्रसेन, भावना शर्मा आदि मौजूद रहे।







## श्री फाउंडेशन ने 167 बच्चों को करवाया निः शुल्क स्वर्णप्राशन

चौमूं (हमारा वतन) प्रत्येक माह के पुनर्वसु नक्षत्र को विगत 5 माह से अनवरत रावण गेट स्थित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय चौमूं में डॉ यादराम प्रजापत के नेतृत्व में एवं श्री फाउंडेशन चौमूं के अध्यक्ष डॉ. सुरेश सैनी के सहयोग से जन्म से 16 वर्ष तक के बच्चों को निन्शुल्क स्वर्णप्राशन कराया जा रहा है। आज 150 बच्चों को तृतीय एवं चतुर्थ डोज एवं 17 बच्चों को प्रथम बार दवा पिलाई गई।

डॉ यादराम प्रजापत ने बताया की तृतीय एवं चतुर्थ डोज पिलाई गई बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमता में वृद्धि पाई गई एवं बच्चों को विगत 4 माह से मौसम अनुसार होने वाली वायरल बुखार,खांसी, जुकाम की सीवियरटी कम पाई गई। स्वर्णप्राशन के उपयोग से बच्चों में रुका हुआ शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास शुरू हुआ है ।बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु स्वर्ण प्राशन आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली की बहुत ही कारगर रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी वर्धक) औषधि मानी गई है।

स्वर्ण प्राशन में नेनोपार्टिकल स्वर्णभस्म ,दूधिया बचा, सौंठ, मूसली, ब्राह्मी, घी एवं शहद को विशेष प्रक्रिया के तहत बनाया गया अवलेह होता है जो कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

इस कार्य में चिकित्सालय के स्टाफ डॉ विष्णु दत्त शर्मा, डॉ शेर सिंह गुर्जर, कंपाउंडर लीलाधर गुप्ता ,श्रीराम महला, पंकज शर्मा एवं परिचारक कैलाश चंद्र वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## राजकुमार शर्मा सर्वसम्मति से सीमेंट व्यापार मंडल अध्यक्ष निर्वाचित

चौमूं (हमारा वतन) सीमेंट व्यापार मंडल चौमूं के चुनाव संपन्न हुए जिसमें सर्वसम्मति से सीमेंट व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा को मनोनीत किया गया । उपाध्यक्ष दिनेश गोयंका ,मंत्री रामलाल सैनी, कोषाध्यक्ष इंद्र कुमार कुमावत, संरक्षक अनिल मालपानी एवं कार्यकारिणी सदस्यों में जगदीश बागड़ी ,मुकेश कुमार बागड़ा, महेंद्र सैनी , रामप्रकाश राई , रामावतार शर्मा का मनोनयन किया गया । इस अवसर पर सभी व्यापारियों ने संगठन की गतिविधियों को लेकर आगामी योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया।



## एक मुस्कान दिव्यांगों के नाम सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

जयपुर (हमारा वतन) एक मुस्कान दिव्यांगों के नाम संस्था जयपुर की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मीनारायण सैनी, राहुल मेघवंशी ,महेंद्र कुमार जोशी एवं इसहाक मोहम्मद ने बताया की पूर्व में संस्था द्वारा एक दिव्यांग सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया था, जिसमें सर्व समाज के सैकड़ों दिव्यांग जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ था । जिनका आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष में सम्मान समारोह आयोजित हुआ ।



इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयपुर शहर ओबीसी महा पंचायती एवं माली पंचायतन की जिलाध्यक्ष शिल्पी सैनी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से दिव्यांग साथियों की हौसला अफजाई होती है और उन्हें प्रेरणा मिलती है । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग चौमूं के अध्यक्ष अभिषेक सैनी ने कार्यक्रम की सराहना की एवं दिव्यांग साथियों को शुभकामना दी। कार्यक्रम का संचालन इशाक मोहम्मद ने किया इस अवसर पर दिव्यांग साथियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर खुशी जाहिर की ।

## मनीष बने दौसा जिले के दूसरे डब्ल्यूबीसी डोनर

दौसा (हमारा वतन) रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन के संयोजक मोहनलाल शेखावाला ने बताया कि मनीष जटवाड़ा दौसा के डब्ल्यूबीसी डोनेट करने वाले दूसरे डोनर बन गए हैं । मनीष जटवाड़ा ने झालावाड़ निवासी कैंसर संक्रमित 5 साल के छोटे बच्चे के लिए मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर में अपने जीवन काल का पहला सफेद रक्त कणिकाएं रक्तदान कर मानवता का फर्ज निभाया । दौसा के प्रथम डब्ल्यूबीसी डोनर अजय घूमना को सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली तो उन्होंने मनीष जटवाड़ा को भी डब्ल्यूबीसी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया । मनीष जटवाड़ा तुरंत अपने निजी कार्य को छोड़कर मणिपाल अस्पताल जयपुर पहुंचकर 5 साल के कैंसर से संक्रमित बच्चे का जीवन बचाने के लिए सफेद रक्त कणिकाएं डोनेट की । डोनेट करने में कुल 166 मिनट का समय लगता है । जन सहयोग सेवा समिति दौसा के भरत शास्त्री, सुखदेव महावर, सीएल सीकरी तथा रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन की ओर से राजेंद्र चौधरी फागी ,अभय चौधरी टहटडा, केदार चौधरी टहटडा तथा जटवाड़ा के समस्त रक्त दाताओं एवं रक्तदान के क्षेत्र में काम करने वाली अनेक संस्थाओं ने इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की है ।



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई



चौमूं (हमारा वतन) शहर के मोरीजा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय गोठवाल भवन पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व कांग्रेसकर्ताओं के द्वारा राष्टपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी व शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने बताया कि संपूर्ण विश्व को सत्य-अहिंसा एवं शांति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने वाले महात्मा गाँधी थे। आज के दिन हमें महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, शांति एवं समानता जैसे आदर्श मूल्यों व सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के संघर्ष, सादगी एवं त्याग भरे जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि अभावों में भी कर्मठता से सफलता के शिखर पर पहुंचा जा सकता है। आइये हम उनके आदर्शों को जीवन में उतार कर ?से भारत के निर्माण में सहभागी बनें, जिसमें समाज के सभी वर्ग आपस में मिल-जुलकर साथ रह सकें और उन्नति कर सकें। इस मौके पर चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नानग राम लांबा, कृष्णकांत जोशी, गिरिराज देवंदा, जिला पार्षद पवन वर्मा, छात्र संघ अध्यक्ष चंद्रकला नागौरी, शिल्पा सौंकरिया, पंचायत समिति सदस्य कैलाश यादव, गोगराज देवंदा, अर्जुन लाल सैनी, राजेंद्र इंदौरा, उत्तम गोठवाल, महेश यादव, शायर सैनी, रमेश चंद सैनी, हीरालाल जादम, भगवान सहाय सैनी, अजय जाटावत, छितरमल बबेरवालराधे चौधरी,अशोक यादव, नंछू यादव सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।


गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

**हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा**

पिछड़े वर्गों का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

**हमारे बिक्री भण्डार**

❒ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार बूंदी ❒ खादी भण्डार झालावाड़ ❒ खादी भण्डार बारां ❒ खादी भण्डार इटावा ❒ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

**उत्पादन केन्द्र**

- खादी आश्रम कोटा
- खादी आश्रम बूंदी
- खादी आश्रम मांगरोल
- खादी आश्रम अटरू

**विशेषता:** कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

**अटरू विशेष योजना कार्यक्रम :** हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

आ.ल. खाण्डेकर - संरक्षक | राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष | प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक
रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष | कमल किशोर शर्मा - मंत्री



गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

**भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001**

**बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वाबलम्बी बन सके।**

❒ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी
❒ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

**शाखा केन्द्र**

कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

राम भरोसी गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री



गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

**अम्बेडकर विकास समिति**

चौमूं - जयपुर द्वारा संचालित

**बिक्री भंडार-**
खादी ग्रामोद्योग भण्डार, बदनपुरा चौक, चौमूं, (गोविंदगढ़)

**हमारे उत्पादन**
दरी फर्श, खेश , आलमारी,टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान

निर्धारित विशेष छूट उपलब्ध है

मोहन लाल बुनकर - अध्यक्ष | रामजी लाल वर्मा - मंत्री | शंकर लाल वर्मा - सहा. मंत्री



गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

**खादी मंदिर**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)

पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर


**हमारे विशेष उत्पादन**

सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि
ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703


## यूजीसी नेट परीक्षा की बदली तारीख:अब 6 से नहीं, 17 अक्टूबर से एक फेज में होगी परीक्षा, अगले सप्ताह जारी होंगे एडमिट कार्ड

जयपुर (नि.सं.)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 6 अक्टूबर से होने वाली यूजीसी नेट परीक्षा को स्थगित कर नई डेट जारी कर दी है। पहले ये परीक्षा 6 से 8 और 17 से 19 अक्टूबर दो फेज में होनी थी। अब एनटीए ने इसे 17 से 25 अक्टूबर तक एक फेज में करने का निर्णय लिया है। यूजीसी ने बताया कि 6 से 8 अक्टूबर तक कई अन्य परीक्षाएं भी आयोजित होने वाली थीं। ऐसे में छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इससे पहले शुक्रवार दोपहर तक एडमिट कार्ड जारी नहीं होने से अभ्यर्थियों में कन्फ्यूजन था, जो अब परीक्षा की तारीख बदलने के बाद स्पष्ट हो गया है। यूजीसी नेट इस बार दिसम्बर 2020 और जून 2021 क्रम की परीक्षा एक साथ करवा रहा है।




# तेजस्वी प्रकाश

## बिग बॉस 15 में नजर आनेवाली रियल लाइफ में हैं इतनी हॉट



तेजस्वी प्रकाश रिऐलिटी शो फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 10 में अपना बदला हुआ अंदाज दिखा चुकी हैं। अब वह सलमान खान के शो बिग बॉस 15 में तहलका मचाने की तैयारी कर रही हैं।9 साल के लड़के और 18 साल की लड़की की शादी पर बेस्ड टेलिविजन के विवादित शो पहरेदार पिया की में नजर आईं तेजस्वी प्रकाश रिऐलिटी शो फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 10 में अपना बदला हुआ अंदाज दिखा चुकी हैं। अब वह सलमान खान के शो बिग बॉस 15 में तहलका मचाने की तैयारी कर रही हैं। तेजस्वी ने 10 साल पहले 2012 से टीवी इंडस्ट्री में एंट्री मारी थी। इसके बाद संस्कार, स्वरागिनी, पहरेदार पिया की, रिश्ता, कर्ण संगिनी, सिलसिला बदलते रिश्तों का- वेब सीरीज़ जैसे कई शोज़ में नजर आईं। छोटे पर्दे पर अक्सर देसी अंदाज में दिखने वाली तेजस्वी सोशल मीडिया पर काफी हॉट नजर आती हैं।तेजस्वी ने रोहित शेट्टी के शो पर ही दिखा दिया था कि टेलिविजन सीरीयलों में वह जैसी नजर आती हैं, रिल लाइफ में उतनी ही उलट हैं। तेजस्वी इस शो में रोहित की फेवरेट कंटेस्टेंट बन चुकी थीं। चाहे कोई टास्क हो या फिर टीम के साथ का कोई खास मौका, तेजस्वी सामने आने का कोई मौका नहीं छोड़ती थीं।टीवी शोज़ में नजर ट्रडिशनल नजर आनेवाली तेजस्वी के इंस्टाग्राम पर ऐसी कई तस्वीरें हैं, जिनमें वह काफी हॉट और सेक्सी नजर आ रही हैं। इनमें से ज्यादातर फोटोशूट उन्होंने हाल ही में कराया है।तेजस्वी के शो पहरेदार पिया की की कहानी पर लोगों ने ऐतराज जताया, जिसके बाद इस शो को बंद करना पड़ा था। इस टीवी सीरियल में 9 साल के लड़के और 18 वर्ष की लड़की की शादी कहानी दिखाई गई। इस कहानी पर लोगों ने आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि यह सीरियल बाल विवाह को बढ़ावा देगा। सीरियल में कई ऐसे सीन भी दिखाए गए जिस पर दर्शकों ने आपत्ति जताई।तेजस्वी टीवी की दुनिया में कदम रखने से पहले पेशे से इंजीनियर थीं। उन्होंने मुबंई यूनिवर्सिटी से Electronics and Telecommunications में इंजीनियरिंग की थी। तेजस्वी का ताल्लुक उस फैमिली से है जिनका कनेक्शन म्यूजिक से रहा है।

## ईशा गुप्ता संग बोल्ड सीन पर मल्लिका शेरावत के बिंदास बोल-पुरुष से ज्यादा महिला संग इंटिमेट होना आसान



फिल्मों में अपने बोल्ड किरदारों के कारण चर्चा बटोरने वालीं मल्लिका शेरावत ने वेब सीरीज नकाब में को-स्टार ईशा गुप्ता के साथ एक इंटिमेट सीन किया है। इस सीन की हर तरफ चर्चा हो रही है, जिस पर अब ऐक्ट्रेस ने रिऐक्ट किया है। मल्लिका शेरावत ने बताया है कि ऑनस्क्रीन एक महिला संग इंटिमेट होना उनके लिए आसान रहा या फिर मुश्किल। बता दें कि नकाब में मल्लिका ने ऐक्ट्रेस ईशा गुप्ता के साथ इंटिमेट सीन किया है, जो बेहद चर्चा में हैं। इस सीन को लेकर मल्लिका ने कहा है कि एक पुरुष से ज्यादा महिला के साथ इंटिमेट होना ज्यादा आसान है। मल्लिका शेरावत ने अपने करियर में काफी बोल्ड रोल किए। बल्कि उन्हें करियर में पहचान बोल्ड किरदार निभाकर ही मिली। फिल्म ख्वाहिश में मल्लिका शेरावत ने मेल को-स्टार के साथ करीब 17 किसिंग सीन किए थे।स्पॉटबॉय को दिए इंटरव्यू में मल्लिका शेरावत से जब पूछा गया कि एक फीमेल के साथ इंटिमेट सीन करना कितना मुश्किल रहा, तो उन्होंने कहा, यह बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। एक फीमेल के साथ इंटिमेट होने में उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं हुई। बल्कि यह एक पुरुष के साथ (ऑनस्क्रीन) इंटिमेट होने से भी ज्यादा आसान है। **यह है नकाब की कहानी**-बता दें कि नकाब की कहानी एक हाई प्रोफाइल ऐक्ट्रेस के सूसाइड की कहानी है, जिससे पूरे देश में हलचल मच जाती है। मल्लिका इस सीरीज में एकदम हटकर किरदार में नजर आ रही हैं। हाल ही मल्लिका शेरावत ने फिल्मों में दिए जाने वाले न्यूड सीन्स पर भी रिऐक्ट किया था। मल्लिका ने कहा था कि बोल्ड सीन्स के लिए हमेशा महिलाओं को टारगेट किया जाता है जबकि जो पुरुष ऐसे सीन करते हैं उन्हें बुरा नहीं माना जाता है।

## नोरा फतेही ने फिर बढ़ाया पारा व्हाइट ड्रेस में नजर आया हॉट अंदाज

अभिनेत्री व डांसर नोरा फतेही का नाम उन सितारों की लिस्ट में शुमार है, जिन्होंने अपनी दम पर अपने लिए एक बड़ा मुकाम बनाया है। नोरा ने अपने डांस से सभी का दिल जीता और अपने लिए एक खास मुकाम बनाया है। नोरा अपने डांस के साथ ही साथ अपने हॉट अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। नोरा अक्सर अपने बोल्ड फोटोज शेयर करती हैं।



**व्हाइट ड्रेस में नोरा ने ढाया कहर**-नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर दो फोटोज शेयर किए हैं। इन तस्वीरों में नोरा ने व्हाइट ड्रेस पहनी हुई है, जहां वो काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। एक ओर जहां तस्वीर में नोरा का स्वैग दिख रहा है तो वहीं वो काफी हॉट भी नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ नोरा ने कैप्शन में लिखा, तुम मेरी ओर ऐसे देख रहे हैं, जैसे मैंने तुम्हारे लिए और कोई रास्ता ही नहीं छोड़ा।

**भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया में नजर आईं नोरा**-बता दें कि नोरा ने कई डांस वीडियोज में अपना दम दिखाया है। बैक टू बैक हिट सॉन्ग्स देने के चलते नोरा को हिट मशीन भी कहा जाता है। वहीं बता दें कि अपने डांस के साथ ही नोरा बतौर अभिनेत्री भी अपना दम दिखा चुकी हैं। नोरा, वरुण धवन और श्रद्धा कपूर के साथ स्ट्रीट डांसर, सलमान खान के साथ भारत में नजर आ चुकी हैं। इसके साथ ही नोरा कुछ वक्त पहले अजय देवगन की फिल्म भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया में भी नजर आई थीं।

**नोरा के 30 मिलियन से अधिक इंस्टा फॉलोअर्स**-याद दिला दें कि नोरा फतेही का नाम अब उन एक्ट्रेसेस में शुमार हो गया है, जिनके इंस्टाग्राम पर 30 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। नोरा के इंस्टा पर 32.1 मिलियन से फॉलोअर्स हो गए हैं और इसके लिए उन्होंने सभी को शुक्रिया कहा है। बीते दिन उन्होंने सभी को शुक्रिया कहते हुए इंस्टाग्राम पर अपने फोटोज शेयर किए थे।


गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित

भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए

''मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी ? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।''

- महात्मा गांधी

11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत

रामदास शर्मा
अध्यक्ष

अनिल शर्मा
मंत्री

गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

खादी भारत Khadi India

खादी ग्रामोद्योग भण्डार

(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)



- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216

गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)

हमारे खादी उत्पादन
दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

ग्रामोद्योग उत्पाद
शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

हमारे बिक्री भण्डार : ■ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़
■ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ■ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष मातादीन शर्मा - उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शर्मा - सहायक मंत्री

गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ

बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

संस्था के केन्द्र
उत्पादन केंद्र : 4 बिक्री भण्डार : 6
कार्डिंग प्लांट : 1 होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876
इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 0296 - 2243518

❄ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❄ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❄ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❄ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❄ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❄ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❄ खादी निकेतन, बागीदौरा
❄ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल

स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष गणपत लाल जैन - मंत्री इच्छा शंकर शर्मा - सहायक मंत्री

गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

राजस्थान खादी संघ

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्रों में

❐ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जोहरी बाजार ,अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ,।

❐ खादी भंडार जोधपुर, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

हमारे उत्पाद
सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदीये

रामदयाल लाटा : अध्यक्ष
राधेश्याम गुप्ता : उपाध्यक्ष
मालीराम शर्मा : सहायक मंत्री
चमेल सिंह : मंत्री

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली' के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# पितृपक्ष में पौधारोपण का लें संकल्प

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। यह सदियों से मां गंगा की गोद, हिमालय की छत्रछाया और भारत के जनमन में विकसित होती चली आ रही है। भारत की सभ्यता और संस्कृति में विविधता में एकता की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत शामिल है। भारतीय संस्कृति समस्त मानवता का कल्याण चाहती है। इसमें जीवन जीने की कला, ज्ञान-विज्ञान, चिकित्सा, राजनीति और भी बहुत कुछ समाहित हैं। भारतीय संस्कृति में भारत की आत्मा बसती है। सनातन और वैदिक काल से चली आ रही हमारी संस्कृति में हमारे समस्त संस्कार समाहित हैं। यह अत्यंत उदात्त, समन्वयवादी, समरसता से युक्त, शाश्वत एवं जीवंत रही है, जिसमें जीवन के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा आध्यात्मिकता का अद्भुत मेल है। 'उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम' और 'सर्वे भवंतु सुखिनः' के दिव्य सूत्रों में हमारी गहरी आस्था रही है।धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है, परंतु मानवता के सिद्धांत हमेशा से हमारे लिए सर्वोपरि रहे हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि भारतीय संस्कृति सच्चे अर्थ में मानवता की संस्कृति है। उन्नत संस्कृति एवं सभ्यता के विकास के लिए नितांत आवश्यक है कि समाज के संस्कार पक्ष को समुन्नत, सशक्त एवं सबल बनाए रखा जाए। प्रकृति, पर्यावरण और मानवता के सर्वत्र विकसित स्वरूप से ही उन्नत समाज का निर्माण होता है, जिसमें न केवल अतीत की परंपराओं, संस्कारों, रीति-रिवाजों, भाषा, बोली और रिश्ते-नातों को समुचित स्थान दिया जाता है, अपितु नई पीढ़ी को पारंपरिक मान्यताओं से भी जोड़ा जाता है, ताकि परंपराओं के साथ-साथ पर्यावरण को भी संरक्षित किया जा सके। पितृपक्ष-श्रद्ध और तर्पण भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। सनातन संस्कृति में पितृपक्ष का बड़ा ही महत्व है। पितृपक्ष में पितरों का श्रद्ध (तर्पण) किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि पितृपक्ष के दौरान पितरों के नाम से पूजन, अर्चन, दान से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।पितृपक्ष की शुरुआत भाद्रपद मास में शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से होती है। यह आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि तक रहता है। शास्त्रों के अनुसार पितरों का स्थान पूजनीय है। श्रद्ध कर्म के पश्चात जरूरतमंदों की सहायता करने से भी पितरों को पुण्य प्राप्त होता है। साथ ही इससे स्वयं को भी संतुष्टि मिलती है। पितृपक्ष की परंपरा को समझा जाए तो यह वास्तव में स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सह अस्तित्व एवं समस्त प्राणी जगत के प्रति मानव का मातृत्व भाव प्रकट करने की परंपरा रही है। श्रद्ध पक्ष में पितरों को भोजन देना वास्तव में प्राणी जगत के प्रति मानव का सहअस्तित्व एवं मातृत्व की भावना है। तीन माह तक चलने वाली लंबी वर्षा ऋतु के पश्चात पर्यावरण में विभिन्न प्रकार के परिवर्तन देखने को मिलते हैं। वर्षा के दौरान अनेक जीव-जंतु और पशु-पक्षी बेघर हो जाते हैं। जमीन पर पानी की वजह से उनके भोजन की व्यवस्था में भी कठिनाइयां आती हैं।



राम गोपाल सैनी



# राजस्थानी लिबास में मॉडल्स ने बिखेरा जलवा

जयपुर (हमारा वतन) आहूजा प्रोडक्शन द्वारा राजस्थान कल्चर हेरिटेज सीजन 2 का विद्याधर बाग में प्रोमो शूट आयोजन किया गया। सूट के अंतर्गत राजस्थान के पहनावे के साथ-साथ हमारे कल्चर को बढ़ावा दिया गया। 10 मॉडल्स के साथ शूट को संपन्न किया गया। शो डायरेक्टर देवेश आहूजा ने बताया कि इस शूट का महत्व हमारी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए है। यह एक छोटी सी पहल हमारे राजस्थान के कल्चर को आगे ले जाने के लिए है ।आउटफिट डिजाइनर बोधी ट्री व ज्वेलरी डिजाइनर ज्वेल्स ऑफ डेरेवाला रहे, जिनके आउटफिट व ज्वेलरी ने राजस्थान के कल्चर को बढ़ावा दिया।

मॉडल्स मेकअप आर्टिस्ट सीमा सराफ व फोटोग्राफर लोकेंद्र रहे। मनीष मंडावत ने बताया कि प्रोमो शूट को उदिता तवर द्वारा कोरियोग्राफ किया गया।

# अब पंचायतें 10 लाख तक के विकास कार्यों की स्वीकृति जारी कर सकेंगी



जयपुर (हमारा वतन) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ग्राम पंचायतों द्वारा नवीन कार्यों के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करने की सीमा 5 लाख रूपये से बढ़ाकर 10 लाख रूपये करने की मंजूरी दी है। गहलोत की इस मंजूरी से पंचायती राज संस्थाओं का वित्तीय सशक्तीकरण होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्य शीघ्रता के साथ सम्पादित हो सकेंगे। गौरतलब है कि निर्माण कार्यों एवं सामग्री आदि की लागत बढ़ने के साथ ही श्रमिकों की दरों में बढ़ोतरी होने से ग्राम पंचायतों को विकास कार्य के लिए वित्तीय स्वीकृति की सीमा बढ़ाए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। साथ ही सरपंच संघ राजस्थान की ओर से वित्तीय स्वीकृति की सीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक निर्णय करते हुए ग्राम पंचायतों के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी करने की सीमा को बढ़ाकर दोगुना कर दिया है।





# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

जालसू (हमरा वतन) नवदीप हॉस्पिटल जालसू के तत्वधान में चतुर्थ विशाल का आयोजन किया गया । आयोजन कर्ता कृष्ण भारद्वाज ने बताया 1 वर्ष में कम से कम 2 बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए और एक यूनिट रक्त तीन अनजान जिंदगी बचा सकती है ।तेजपाल शर्मा, अक्षय शर्मा, तेजपाल यादव ने बताया रक्त संग्रहण करने के लिए दुसाद ब्लड बैंक ने एकत्रित किया । रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है ।

राजेंद्र कुमावत ,ओम प्रकाश यादव ने बताया रक्तदान शिविर में 153 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ । डॉक्टर राम किशोर यादव ने बताया सभी रक्त दाताओं को एक-एक प्रस्तुति और एक एक हेलमेट उपहार स्वरूप दिया गया । कार्यक्रम में पधारे अतिथियों में डॉक्टर कीर्ति, मीरा यादव, राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय अध्यक्ष विजय शर्मा, जनसेवक मुकेश संत डॉ पंकज यादव, पूर्व सरपंच रमेश यादव ,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष वंदना दीक्षित ,मीरा यादव, सुरेश यादव ,मालीराम यादव, रमेश मेहता आदि ने रक्तदाताओं को प्रस्तुति पत्र व हेलमेट उपहार स्वरूप भेंट किया ।

# गांधी जयंती से प्रदेश में खादी उत्पादों की बिक्री पर 50 प्रतिशत छूट

जयपुर (हमारा वतन) मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रदेश के सभी खादी संस्थानों में खादी उत्पादों की बिक्री पर 50 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है। यह छूट 2 अक्टूबर से 31 दिसम्बर, 2021 तक देय होगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पूर्व में गांधीजी की 151वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष 2019 में भी खादी उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी थी। मुख्यमंत्री ने एक बार फिर खादी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में खादी उत्पादों पर 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है।

गहलोत की इस घोषणा से खादी संस्थाओं का सशक्तीकरण हो सकेगा तथा इनसे जुड़े कतिनों, बुनकरों, दस्तकारों आदि को संबल मिलेगा।

# राजस्थान बलाई समाज धर्मार्थ सेवा समिति चौमूं के चुनाव संपन्न



चौमूं (हमारा वतन) मोरीजा रोड कागलिया हनुमान मंदिर परिसर में राजस्थान बलाई समाज धर्मार्थ सेवा समिति, चौमूं की साधारण सभा समिति के उपाध्यक्ष गोपीराम चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष गोपाल चंद सोगण ने सन् 2018-19, 2019-20 व 2020-2021 का आय-व्यय प्रस्तुत किया एवं मंत्री कैलाशचंद मोरदिया ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात समिति के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। आमसभा में सर्व समिति से नानगराम लूनीवाल को चुनाव प्रभारी व धर्मेंद्र कुमार घसिया को सह चुनाव प्रभारी मनाया गया।

चुनाव अधिकारी नानगराम लुनीवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर भंवरलाल सरावता, गोपीराम चौहान व कैलाश चंद मोरदिया का नाम सामने आए। कैलाश चंद मोरदिया व गोपीराम चौहान ने अपना नाम वापिस ले लिया। इस दौरान भंवरलाल सरावता निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। मंत्री कैलाश चंद मोरदिया व कोषाध्यक्ष नानगराम लुनीवाल भी निर्विरोध चुने गए। सर्व समिति से कैलाश चंद मोरदिया लगातार तीसरी बार निर्विरोध मंत्री चुने गए। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को सेवानिवृत्त एडीएम के.आर. बुनकर ने गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों का बलाई विकास समिति द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर भगवान दास महाराज, सेवानिवृत्त आरएएस बीएल वर्मा, बीएसएनएल के सेवानिवृत्त सुपरवाइजर रामकिशोर राय, मालीराम बुनकर, बलाई विकास समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार घसिया, पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल हरसोलिया, पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार बुगालिया, महासचिव हनुमान सहाय झाटीवाल, उपाध्यक्ष रामावतार बायला, उप महासचिव सुरेंद्र सिंह हरसोलिया सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित थे। सभी समाज बंधुओं के लिए गोपाल चंद सोगण की तरफ से भोजन की व्यवस्था की गई।

शेष पृष्ठ 1 का......

### आईएएस पल्लवी का विधायक और सरपंच ने किया सम्मान

पल्लवी ने आईएएस की परीक्षा पास करते हुए 340 वी रैंक प्राप्त की है। आईएएस पल्लवी के अपने गांव महारकला पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक रामलाल शर्मा ने उनके निज निवास पर पहुंचकर सम्मान किया। विधायक रामलाल शर्मा ने आईएएस पल्लवी को बधाई देते हुए कहा कि आपने क्षेत्र कि नहीं अपितु अपने परिवार का नाम रोशन किया है। सरपंच मीनू महेंद्र सैनी ने भी पल्लवी का सम्मान किया । गौरतलब है कि आईएएस पल्लवी के पिता चंद्रप्रकाश वर्मा इंदौर में सिविल कांट्रेक्टर है। पल्लवी सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, पल्लवी ने बताया कि उसकी देश हित में कुछ करने की तमन्ना थी और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग में उसे यह मुकाम नहीं मिला। इस पर उसने आईएएस की तैयारी करना शुरू कर दिया और आईएएस परीक्षा पास करते हुए 340वी रैंक प्राप्त की। इस मौके पर फतेहपुरा सरपंच बाबूलाल गुर्जर, भाजपा नगर मंडल संगठन मंत्री बजरंग लाल कुमावत सहित आईएएस पल्लवी के परिवारजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ब्रिटेन को भारत ने दिया ये करारा जवाब



नई दिल्ली (हमारा वतन) भारतीय यात्रियों पर ब्रिटेन में जारी कोरोना प्रतिबंध का भारत ने भी करारा जवाब दिया है। अब ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों को भारत में 10 दिन आइसोलेट होना पड़ेगा। सरकार ने शुक्रवार को यह आदेश जारी किया है। इसके अलावा च के लोगों को RTPCR टेस्ट भी कराना होगा। आदेश के मुताबिक यात्री को वैक्सीन के डोज लगे होने के बाद भी टेस्ट कराना ही होगा। ट्रैवलर्स को यात्रा शुरू करने से 72 घंटे पहले तक और आगमन के 8 दिन बाद RTPCR टेस्ट कराना जरूरी होगा। यह आदेश आगामी 4 अक्टूबर से लागू होगा।

**ब्रिटेन ने भी कोवीशील्ड को लेकर फंसा रखा है पेंच**

ब्रिटेन ने भी कोवीशील्ड को मान्यता तो दे दी, लेकिन भारतीयों के लिए कुछ शर्तें जोड़ दीं। इस पर भारत ने नाराजगी भी जताई थी। नए नियमों के मुताबिक, कोवीशील्ड वैक्सीन के दोनों डोज लगवा चुके भारतीयों को ब्रिटेन पहुंचने पर अब भी 10 दिन क्वारैंटाइन रहना पड़ेगा और टेस्ट भी कराने पड़ेंगे। भारतीय नागरिकों ने ब्रिटेन के इस निर्णय को नस्लीय बताया था। इसके जवाब में ब्रिटेन ने कहा था कि उन्हें कोवीशील्ड लगवाने वालों से कोई परेशानी नहीं है। वे भारत के वैक्सीन सर्टिफिकेट पर भरोसा नहीं कर सकते।

**भारत ने पिछले हफ्ते दी थी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी**

24 सितंबर को भारत सरकार ने कहा था कि हम ब्रिटेन को उसी अंदाज में जवाब दे सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया था कि दोनों देशों की सरकारें आपस में बात कर रही हैं। उन्होंने भारतीय यात्रियों पर लगे प्रतिबंधों को भेदभावपूर्ण बताया था।

### गांधी जयन्ती एवं शास्त्री जयन्ती (2 अक्टूबर) पर राज्यपाल का संदेश

## सत्य, अहिंसा और बंधुत्व के मार्ग पर चलने का किया आह्वान

जयपुर (नि.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती (2 अक्टूबर) के अवसर पर देश और प्रदेश वासियों से उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया है। मिश्र ने अपने संदेश में कहा कि बापू का जीवन सत्य, अहिंसा, करुणा और बंधुत्व का स्वयं सिद्ध उदाहरण है। स्व. लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे सादगी, संकल्प और समर्पण की प्रतिमूर्ति थे। मिश्र ने कहा है कि व्यक्ति निर्माण और समाज निर्माण के लिए इन महान विभूतियों के आचरण और आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लेना चाहिए।

## जॉब्स

1. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद ग्राम विकास अधिकारी (ग्राम सेवक), पद संख्या 3896, अंतिम तिथि 9 अक्टूबर 2021
2. साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे बिलासपुर, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 432, अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2021
3. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद विभिन्न, पद संख्या 3200, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2021
4. असम राइफल रैली भर्ती, पद ग्रुप बी सी, पद संख्या 1230, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2021
5. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद कंप्यूटर, पद संख्या 250, अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2021
6. इंडियन नेवी,पद पायलट अन्य, पद संख्या 181, अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2021
7. हिमाचल प्रदेश पुलिस, पद कॉन्स्टेबल, पद संख्या 1334, अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2021
8. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) पद सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, पद संख्या 247, अंतिम तिथि 12 अक्टूबर 2021




RNI No. 10311/1965
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588, सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा